This question paper contains **8+2** printed pages]

1642-P

B.A. (First Year) EXAMINATION, 2017

SANSKRIT

Paper II

Time allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

खण्ड 'अ' [Marks : **20**]

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

खण्ड 'ब' [Marks : **50**]

*प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

खण्ड 'स' [Marks : **30**]

*कोई **दो** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

P.T.O.

खण्ड 'अ'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं : 10×2=20

इकाई प्रथमा

(*i*) हितोपदेश मित्रलाभ के अनुसार मनस्वी व्यक्तियों की वृत्ति के बारे में बताइये ।

(*ii*) किससे रहित होने पर मुनष्यों को पशुओं के समान बताया गया है ?

इकाई द्वितीया

(*iii*) पदसंज्ञा विधायक सूत्र लिखिए ।

(*iv*) "संयोगान्तस्य लोपः" सूत्र को स्पष्ट कीजिए ।

इकाई तृतीया

(*v*) 'राजपुरुषः' पद का समासविग्रह करते हुए समास का नामोल्लेख कीजिए ।

(*vi*) 'साधकतमं करणम्' इस सूत्र में 'साधकतमम्' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

इकाई चतुर्थ

(*vii*) 'इदम्' शब्द (पुल्लिंग) की चतुर्थी एवं पञ्चमी विभक्ति के रूप लिखिए ।

(*viii*) 'विद्वस्' शब्द की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के रूप लिखिए ।

इकाई पंचम

निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए :

(*ix*) वे दोनों विद्यालय जाते हैं ।

(*x*) अश्व से बालक गिरता है ।

खण्ड 'ब'

इकाई प्रथमा

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×5=10

(क) विद्या शस्त्रञ्च शास्त्रञ्च द्वे विद्ये प्रतिपत्तये ।

आद्या हास्याय वृद्धत्वे द्वितीयाऽद्रियते सदा ॥

(ख) यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत् ।

तथा पुरुषकारेण विना दैवं न सिद्धयति ॥

(ग) दुर्जनः प्रियवादी च नैतद् विश्वासकारणम् ।

मधु तिष्ठति जिह्वाग्रे, हृदि हालाहलं विषम् ॥

(घ) मनस्वी म्रियते कामं कार्पण्यं न तु गच्छति ।

अपि निर्वाणमायाति नानलो याति शीतताम् ॥

इकाई द्वितीया

3. (क) निम्नलिखित सूत्रों में से किन्हीं **दो** सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए : $2\times2\frac{1}{2}=5$

(*i*) हलन्त्यम् ।

(*ii*) समाहारः स्वरितः ।

(*iii*) तुल्यास्य प्रयत्नं सवर्णम् ।

(*iv*) परः सन्निकर्षः संहिता ।

(ख) किन्हीं **दो** की सूत्र-निर्देशपूर्वक सिद्धि कीजिए : $2\times2\frac{1}{2}=5$

(*i*) हरये

(*ii*) उपेन्द्रः

(*iii*) देवैश्वर्यम्

(*iv*) श्रीशः ।

इकाई तृतीया

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पदों का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए : 5×2=10

(*i*) अतिहिमम्

(*ii*) यथाशक्ति

(*iii*) निरामिषम्

(*iv*) पीताम्बरः

(*v*) मदान्धः

(*vi*) शास्त्रविहितम्

(*vii*) दशाननः

(*viii*) मातापितरौ

(*ix*) घनश्यामः

(*x*) ईशकृष्णौ ।

इकाई चतुर्थ

5. अधोलिखित शब्दों में से किन्हीं **दस** शब्दों के वचन और विभक्ति अनुसार रूप लिखिए : 10×1=10

(*i*) सर्व – (पुल्लिंग) षष्ठी विभक्ति एकवचन ।

(*ii*) इदम् – (पुल्लिंग) तृतीया विभक्ति एकवचन ।

(*iii*) तत् – (स्त्रीलिंग) पञ्चमी विभक्ति बहुवचन ।

(*iv*) एतत् – (पुल्लिंग) प्रथमा विभक्ति द्विवचन ।

(*v*) द्वि – (पुल्लिंग) षष्ठी विभक्ति द्विवचन ।

(*vi*) पितृ – चतुर्थी विभक्ति बहुवचन ।

(*vii*) आत्मन् – पञ्चमी विभक्ति एकवचन ।

(*viii*) वधू – सप्तमी विभक्ति द्विवचन ।

(*ix*) विद्वस् – प्रथमा विभक्ति द्विवचन ।

(*x*) सरित् – तृतीया विभक्ति एकवचन ।

(*xi*) स्त्री – षष्ठी विभक्ति बहुवचन ।

(*xii*) मातृ – तृतीया विभक्ति एकवचन ।

(*xiii*) नामन् – सप्तमी विभक्ति बहुवचन ।

(*xiv*) भगवत् – चतुर्थी विभक्ति एकवचन ।

(*xv*) राजन् – पञ्चमी विभक्ति द्विवचन ।

इकाई पञ्चम

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 10

(*i*) यह राम की पुस्तक है ।

(*ii*) दो बालक गेंद से खेलते हैं ।

(*iii*) गायों में काली गाय श्रेष्ठ है ।

(*iv*) गाँव के दोनों ओर सरोवर है ।

(*v*) बालक पिता से प्रश्न पूछता है ।

(*vi*) हमें स्वाध्याय करना चाहिए ।

(*vii*) वह बालक जहाँ जाता है वहीं खेलता है ।

(*viii*) तुम सब कहाँ जाओगे ?

(*ix*) तुम सब बाजार से पुस्तक लाओ ।

(x) परिश्रम से ही कार्य सिद्ध होते हैं ।

(xi) गुरु के बिना ज्ञान नहीं है ।

(xii) संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है ।

(xiii) गीता पुस्तकों में सर्वश्रेष्ठ है ।

(xiv) मैं जैसा कहता हूँ, वैसा ही करता हूँ ।

(xv) बालिका आसन पर बैठती है ।

(xvi) कलम से लिखो ।

(xvii) जहाँ जाओगे, वहीं खेलोगे ।

(xviii) माता-पिता की सेवा करो ।

(xix) गंगा हिमालय से निकलती है ।

(xx) वह कल आयेगा ।

खण्ड 'स'

खण्ड 'स' में निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई **दो** प्रश्न कीजिए : 2×15=30

इकाई प्रथमा

7. हितोपदेश (मित्रलाभ) में पठित मृग-शृगाल कथा का सार अपने शब्दों में लिखिए और कथा से प्राप्त शिक्षाओं का वर्णन कीजिए ।